PAGE No
DATE: / /201

विज्ञापन - Advertisement -

उत्पादन सम्बन्धी सूचना, समाचार, विचार अथवा सेवा को अनेक सूचना तंत्रों के माध्यम से संचारित या वितरित करना विज्ञापन कहलाता है।

विज्ञापन के उद्देश्य - विज्ञापन के निम्न उद्देश्य है -

1- क्रेताओं को उत्पाद के विभिन्न प्रयोग बताना।
2- विक्रय में बढ़ोत्तरी करना।
3- नए-नए ग्राहक बनाना।
4- वस्तु की माँग पैदा करना।
5- संस्था या उपक्रम की सफलता प्रदर्शित करना।
6- उत्पादन की लागत में कमी करना।

विज्ञापन की विशेषताएं -

1. विज्ञापन में रंगों, चित्रों संकेतों का प्रयोग किया जाता है।
2- यह मौखिक लिखित, दृश्यागत होता है।
3- इसका प्रस्तुतीकरण सार्वजनिक होता है।
4- विज्ञापन व्यावसायिक वृद्धि के लिए आवश्यक है।
5- विज्ञापन से व्यवसाय की साख में वृद्धि होती है।

विज्ञापन के माध्यम -

1- **बाह्य विज्ञापन** - बाह्य विज्ञापन से तात्पर्य सार्वजनिक स्थानों पर विज्ञापनों के प्रदर्शन से है। इसमें निम्न माध्यमों का प्रयोग किया जाता है।

(i) विज्ञापन बोर्ड (ii) स्टीकर विज्ञापन
(iii) पोस्टर्स (iv) परिवहन विज्ञापन

Scanned with CamScanner

PAGE No
DATE: / /201

2- प्रेस विज्ञापन - प्रेस विज्ञापन से तात्पर्य ऐसे विज्ञापन से है जो किसी समाचार पत्र, पत्रिका या ऐसे ही अन्य पत्र में प्रकाशित होते हैं। इसे निम्न प्रकार से बाँटा गया है-

(a) समाचार पत्रीय विज्ञापन - ये विज्ञापन का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है यह दो प्रकार का होता है

(i) वर्गीकृत विज्ञापन
(ii) अवर्गीकृत विज्ञापन

(b) पत्रिका विज्ञापन -

(c) क्रय बिन्दु विज्ञापन

(d) डाक द्वारा प्रत्यक्ष विज्ञापन

(e) मनोरंजन एवं विज्ञापन के अन्य माध्यम -

विज्ञापन का प्रभाव -

1- विज्ञापन उत्पादन की बिक्री बढ़ाने में बहुत सहायक होते हैं।

2- विज्ञापन द्वारा उद्यमी अपने नए उत्पाद की माँग बढ़ा सकता है।

3- विज्ञापन के माध्यम से उपभोक्ताओं को उत्पादन एवं उसकी गुणवत्ता का ज्ञान तथा उपयोग की जानकारी प्राप्त होती है।